# फर्द अहकाम

## कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री जगदीश चन्द्र साहु पिता श्री रामलाल साहु नि0 14/996, ग्लास फैक्ट्री, मैन रोड़ गिर्वा तहसील गिर्वा जिला उदयपुर **– अपीलार्थी**

**बनाम**

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द **– प्रत्यर्थी**

**किस्म मुकदमा** – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 75/2024**

| क्रमांक | कार्यवाही विवरण | हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई |
|---|---|---|
| | **दिनांक 26.09.2024**<br>पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से जरिये पत्र क्रमांक : एफ.1( )सू0अ0,05/प्र.अपील/2024/5018 दिनांक 28.08..2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी/अपीलान्ट का आवेदन पत्र (244495688270111) जरिये ऑनलाईन पोर्टल से दिनांक 02.07.2024 को प्रस्तुत किया गया एवं दो समान आवेदन पत्र (244022935693934, 244421956385419) जरिये ऑनलाईन पोर्टल से दिनांक 02.07.2024 को तहसील कार्यालय राजसमन्द को भी प्रस्तुत किए गए। प्रार्थी अपीलार्थी द्वारा उक्त तीनों आवेदन से चाही गई बिन्दु संख्या A व E की सूचना इस कार्यालय की नहीं होकर तहसील कार्यालय राजसमन्द जिला राजसमन्द की होने से इस कार्यालय द्वारा प्रार्थी/अपीलार्थी का आरटीआई आवेदन (244495688270111) जरिये ऑनलाईन क्रमांक 80901117057 दिनांक 02.07.2024 से संबंधित कार्यालय को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3)(1)(2) में तहसीलदार, राजसमन्द जिला राजसमन्द को अन्तरण करते हुए एवं बिन्दु संख्या B,C,D,F,G,H की सूचना इस कार्यालय की नहीं होकर अन्य कार्यालय से संबंधित है जो कि एक से अधिक अलग विभाग/प्राधिकरण कि होने से भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन क्रमांक 10/02/2008 आई.आर. दिनांक 12.06.2008 की अनुपालना नियमानुसार पृथक से आपके स्तर से आवेदन सीधे ही संबंधित प्राधिकरण को कर वांछित सूचना प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन पॉर्टल के माध्यम से प्रार्थी को सूचित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द द्वारा जरिये पत्र क्रमांक आर.टी.आई/24/513–514 दिनांक 06.09.24 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी/अपीलान्ट का आवेदन पत्र 244421956385419 का आवेदन नं. | |

न्यायालय जिला कलक्टर

244152209498109 दिनांक 28.06.2024 इस कार्यालय के सूचना का अधिकार ऑनलाईन पोर्टल पर दर्ज/दर्शित नही होने के कारण प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना की जानकारी उपलब्ध नही होने से सूचना तैयार कर दिया जाना संभव नही हैं।

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द तथा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द की रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी/अपीलान्ट का आवेदन पत्र 244421956385419 का आवेदन नं. 244152209498109 दिनांक 28.06.24 इस कार्यालय के सूचना का अधिकार ऑनलाईन पोर्टल पर दर्ज/दर्शित नही होने से वांछित सूचना उपलब्ध नही कराई गई।

अतः अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि वांछित सूचना हेतु नियमानुसार आवेदन कर वांछित सूचना प्राप्त करें। उक्त अपील निर्णित की जाती है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द को भिजवायी जावे।

**पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।**

**लोक सूचना अपीलीय अधिकारी**
**(जिला कलक्टर) राजसमंद**

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)